# कार्यालयः प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ऊधमसिंह नगर

**E-mail id** – diet_usnagar@yahoo.in, dietusnagar@gmail.com

## आँगनबाड़ी कार्यकत्री एवं एम0टी0 प्रशिक्षण

**दिनाँक – 13-01-2026 से 17.01.2026** **स्थान – डायट सभागार**

अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्रशिक्षा, उत्तराखण्ड के पत्रांक SSU-FLNOFLN5/5/2025-SSU-DEPT-SEC-EDU/1/218200/2025 दि0 13 Oct 2025 के क्रम में ऊधमसिंह नगर द्वारा 200 आँगनबाड़ी कार्यकत्री एवं 12 एम0टी0 हेतु 05 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाना था। इसी क्रम में डायट ऊधमसिंह नगर द्वारा प्रथम चरण में 12 एम0टी0 (प्रत्येक विकासखण्ड से एक B.R.P या C.R.P एवं सुपरवाइजर) एवं रूद्रपुर विकासखण्ड की 21 आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया गया। पाँच दिवसीय प्रशिक्षण में K.R.P के रूप में एस0सी0ई0आर0टी0 उत्तराखण्ड देहरादून से बालवाटिका प्रशिक्षण प्राप्त श्रीमती चेतना मिश्रा एवं श्रीमती सीमा त्रिवेदी, जादुई पिटारा समन्वयक डॉ0 मनोज कुमार चौहान एवं ए0पी0एफ0 से श्रीमती रूपाली द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। पाँच दिवसीय प्रशिक्षण की दिवसवार आख्या निम्नवत् है।

**प्रथम दिवस(13.01.2026) :–** प्रथम दिवस दिनाँक 13-01-2026 से प्रशिक्षण का प्रारम्भ परिचय सत्र, पंजीकरण से प्रारम्भ हुआ। सभी ट्रेनिज से स्वयं द्वारा निर्मित आई कार्ड का निर्माण किया गया । इसके पश्चात प्रथम सत्र में स्कूल पूर्व शिक्षा (ECCE केन्द्र), द्वितीय सत्र में बच्चों के लिए समावेशन, लिंग समानता आँगनवाड़ी शिक्षक विधियों में एकीकृत पर पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण एवं उपलब्धियां आयोजित की गई । तृतीय सत्र के अन्तर्गत बालवाटिका पाठ्यचर्या के उद्देश्य, दक्षतायें एवं सीखने के प्रतिफल पर सत्र आयोजित किये गये।



**द्वितीय दिवस (14.01.2026) :–** द्वितीय दिवस के अन्तर्गत प्रथम सत्र बुनियादी साक्षरता के घटक एवं मौखिक भाषा विकास पर आधारित विभिन्न प्रकार की सत्र गतिविधियां आयोजित की गई । इसके पश्चात द्वितीय सत्र ध्वनि जागरूकता को लेकर किया गया जो कि अति रोचक एवं प्रभावकारी भी रहा। तृतीय सत्र में धाराप्रवाह पठन एवं समझ तथा चतुर्थ सत्र लेखन का परिचय को लेकर था। इस प्रकार द्वितीय दिवस भाषायी विकास के विभिन्न चरणों को लेकर था।

**चतुर्थ दिवस (16.01.2026) :–** चतुर्थ  दिवस के प्रथम सत्र **''खेल आधारित शिक्षण''** विषय पर आयोजित था एवं इस सत्र के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के रचनात्मक इंडोर एवं आउटडोर खेल गतिविधियां भी आयोजित की गई। द्वितीय सत्र व तृतीय सत्र  ''संख्या पूर्व धारणा वर्गीकरण पेंटर्न तथा संख्या पहचान एवं संख्या लेखन जैसे गणितीय संबोधों के परिचय एवं अवधारणा की समझ को लेकर किया गया । चतुर्थ सत्र ''बाल वाटिका में समुदाय की सहभागिता'' पर चर्चा परिचर्चा के साथ समाप्त हुआ।



**पंचम दिवस (17.01.2026):–** पंचम दिवस के प्रथम सत्र में **''BALA'' Building as learning Aid**  तथा सुरक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर रोचक सत्र रहा। द्वितीय सत्र ''आँगनवाड़ी में केन्द्र सुरक्षा'' पर आधारित था जो कि प्रत्येक केन्द्र हेतु महत्वपूर्ण है। तृतीय सत्र आगामी विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण के सफल संचालन की आगामी राजनीति पर चर्चा, दिशा निर्देश पर चर्चा परिचर्चा की गई ।



इसके साथ ही प्रमाण पत्र वितरण एवं **''उत्तरा''** मॉडयूल के प्रत्येक प्रतिभागी के विवरण के साथ प्रशिक्षण का समापन हुआ।



# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, ऊधम सिंह नगर

## बालवाटिका पर आधारित मुख्य संदर्भदाता/आंगनवाडी कार्यकत्रियों हेतु

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक–13 जनवरी 2026 से 17 जनवरी 2026 तक



## प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु0 ..............................पद..............................

केन्द्र/ विद्यालय ..............................विकासखंड..............................ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, ऊधम सिंह नगर में आयोजित

पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला मे प्रतिभाग किया !

कार्यक्रम समन्वयक/सह समन्वयक

विभागाध्यक्ष

प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
ऊधम सिंह नगर




**तृतीय दिवस (15.01.2026) :–** तृतीय दिवस के अन्तर्गत प्रथम, द्वितीय सत्र में जादुई पिटारा के 53 संसाधन सामग्री पर विस्तृत रूप से समूह वार प्रस्तुतीकरण किया गया । एवं साथ ही गतिविधियों में **''ई जादुई पिटारा''** को सभी के फोन में डाउनलोड भी करवाया गया तांकि कक्षा कक्ष में इसके उपयोग से प्रभावी शिक्षण किया जा सके। तृतीय व चतुर्थ सत्र में डायट परिसर में स्थापित बालवाटिका कक्ष की विभिन्न कॉर्नरों का भ्रमण प्रतिभागियों को करवाया गया एवं बालवाटिका की सामग्री का पठन – पाठन प्रक्रिया में उपयोग गतिविधियों (कविता, कहानी,नाटक,संवाद) के द्वारा किया गया।




